# महाभारत काल की सांस्कृतिक विरासत का संरक्षण

## चर्चा में क्यों?

**हाल ही में मेरठ के हस्तिनापुर में संरक्षित स्थल** के संरक्षण और विकास पर एक अद्यतन देखा गया है जिसे [भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (ASI)](#) के प्रबंधन के तहत 2021-22 में केंद्र सरकार द्वारा **पाँच** '[प्रतिष्ठित स्थलों](#)' में से एक के रूप में नामित किया गया था।

## मुख्य बिंदु

- **इतिहास:**
  - [महाभारत](#) **काल** में हस्तिनापुर **पांडवों और कौरवों की राजधानी थी।**
  - यह स्थल महाभारत के कई स्थानों से जुड़ा हुआ है, जिनमें **विदुर टीला, पांडवेश्वर मंदिर, बारादरी, द्रौणदेश्वर मंदिर, कर्ण मंदिर, द्रौपदी घाट और काम घाट शामिल हैं।**
- **उत्खनन:**
  - ASI के महानिदेशक **बी.बी. लाल ने 1950 के दशक के प्रारंभ में** हस्तिनापुर में **खुदाई की थी।**
  - उन्होंने **महाभारत और** उनके द्वारा खोदे गए भौतिक अवशेषों के बीच सहसंबंध पाया, जिसके कारण उन्होंने महाकाव्य की कुछ परंपराओं को ऐतिहासिक बना दिया।
- **लोहे की वस्तुएँ:**
  - इस स्थल पर **लोहे की कई वस्तुएँ हैं** जो **छठी शताब्दी ईसा पूर्व से लेकर 16वीं शताब्दी ईसवी तक की हैं।**
  - उत्खनन से प्राप्त लावा के नमूनों से पता चलता है कि यह स्थल **क्रूसिबल कार्बराइज़ेशन गतिविधियों में शामिल था।**
    - क्रूसिबल कार्बराइजज़ेशन एक **ऐसी प्रक्रिया है जिसमें स्टील बनाने के लिये कार्बन-समृद्ध सामग्री के साथ गढ़ा लोहे को गर्म करने के लिये क्रूसिबल का उपयोग किया जाता है।मेरठ**
- **हालिया कार्य:**
  - ASI ने **वर्ष 2021-22 और 2022-23 में** इस स्थल पर **खुदाई की है।**
  - इस स्थल पर **संरक्षण और विकास कार्य भी किया गया है, जिसमें रास्ते, पार्किंग और उद्यानों का निर्माण** भी शामिल है।

## पाँच प्रतिष्ठित स्थल

- **धोलावीरा:**
  - **यह एक पुरातात्विक स्थल है, जहाँ वर्षा जल संचयन के लिये** जल प्रणाली का उपयोग किया जाता था। हड़प्पा सभ्यता के दौरान यहाँ रहने वाले लोग अपनी जल संरक्षण तकनीकों के लिये जाने जाते हैं।
- **हस्तिनापुर:**
  - **उत्तर प्रदेश के मेरठ ज़िले** में स्थित एक ऐतिहासिक और सांस्कृतिक स्थल। महाभारत काल में यह **कुरु वंश के सम्राटों की राजधानी थी।**
- **शिवसागर:**
  - ऊपरी असम का एक शहर **जो अपने अहोम महलों और स्मारकों के लिये जाना जाता है।** यह 1699 से 1788 तक **अहोम साम्राज्य** की राजधानी थी।
- **आदिचनल्लूर:**
  - दक्षिण भारत का एक पुरातात्विक स्थल जिसका इतिहास 2500 ईसा पूर्व से 2200 ईसा पूर्व तक जाता है। 2004 में, यहाँ **विभिन्न जातियों के मानव कंकाल मिले थे।**
- **राखीगढ़ी:**
  - हरियाणा के **हिसार ज़िले में राखीगढ़ी हड़प्पा सभ्यता के सबसे प्रमुख और सबसे बड़े स्थलों** में से एक है। यह भारतीय उपमहाद्वीप में हड़प्पा सभ्यता के पाँच ज्ञात कस्बों में से एक है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/preservation-of-cultural-heritage-of-mahabharata-age